S.T.D. 0581
2527263, 2521122
2527282, 2523378

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

बरेली - 243 006 (भारत)
BAREILLY-243 006 (INDIA)

पत्रांक : रु.वि./पं.नि.का./2026/ 1284-98 दिनांक : 07.08.2026

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की मुख्य परीक्षा सत्र 2025-26 के स्नातक स्तर के एन.ई.पी. 2020 से आच्छादित बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.बी.ए. एवं बी.एस.सी. (गृह विज्ञान) पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के स्पेशल बैक परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 28.07.2026 से ऑनलाईन भरवाये जा रहे थे।

ऐसे छात्र/छात्रायें जो चतुर्थ सेमेस्टर तक उत्तीर्ण हैं तथा पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर दोनों में मिलाकर पाँच मुख्य प्रश्न पत्रों (लिखित एवं प्रयोगात्मक) में अनुत्तीर्ण हैं, अनिवार्य योग्यता विषयों को उक्त पाँच मुख्य प्रश्न पत्रों में सम्मिलित नहीं किया जायेगा, वह उन पाँच मुख्य प्रश्न पत्रों से पृथक रहेगें। इच्छुक छात्र/छात्रायें स्पेशल बैक का आवेदन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। उपरोक्त पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर की स्पेशल बैक की परीक्षायें MCQ (OMR Based) पैटर्न पर सम्पादित करायी जायेगीं।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर के अन्तर्गत द्वितीय सेमेस्टर की बैक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने की प्रक्रिया में है, जिन छात्रों ने द्वितीय, चतुर्थ अथवा षष्ठम् सेमेस्टर की बैक परीक्षा में आवेदन किया था उनके परीक्षाफार्म उपरोक्त बैक परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त षष्ठम् सेमेस्टर का परीक्षाफल संशोधित करते हुये स्वतः खोल दिये जायेगें। उन्हें विश्वविद्यालय कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथियाँ निम्नानुसार विस्तारित की जाती हैं:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पुनः परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि | - | 07.08.2026 |
| 2. | छात्र द्वारा परीक्षा फार्म भरने, शुल्क जमा करने एवं महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | - | 12.08.2026 |
| 3. | महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि | - | 14.08.2026 |

अतः उपरोक्त कार्यक्रमानुसार आवेदन पत्र सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय प्रेषित नहीं की जानी है। महाविद्यालय को परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित कर अपने पास सुरक्षित रखना है।

07.8.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. वित्त अधिकारी।
3. मीडिया प्रभारी।
4. उप-कुलसचिव (परीक्षा)।
5. प्रभारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर/विश्वविद्यालय वेबसाइट।
6. प्रभारी, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
7. निजी सचिव-कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
8. वै.सहा. कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक